चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 25.07.2025 | 5 | 1 |



THE TIMES OF INDIA

IA'S LARGEST ENGLISH NEWSPAPER | To subscribe call 1800 1200 004 or visit subscribe.timesofindia.com

## HAU student chosen for PhD at US varsity

**Hisar:** Simran, a student of HAU, has been selected for a PhD programme at Iowa State University of Science and Technology, USA. As part of the fellowship, Simran will receive a scholarship of over Rs 23 lakh per year, along with full tuition coverage and free health insurance.

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 25.7.25 | 10 | 3-5 |

# हकृवि की छात्रा अमेरिकी विवि से करेगी पीएचडी

■ प्रथम सेमेस्टर में पूर्ण छात्रवृत्ति और स्वास्थ्य बीमा का मिलेगा लाभ

हिसार, 24 जुलाई (हप्र)



हिसार में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के साथ छात्रा सिमरन व अन्य। -हप्र

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की छात्रा सिमरन का चयन अमेरिका की आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में पीएचडी की डिग्री के लिए हुआ है। पाठ्यक्रम के दौरान छात्रा सिमरन को प्रति वर्ष लगभग 23 लाख रुपये से अधिक की छात्रवृत्ति, पूर्ण शिक्षण शुल्क और निशुल्क स्वास्थ्य बीमा की सुविधा प्रदान की जाएगी। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने छात्रा सिमरन को बधाई दी है। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने बताया कि छात्रा सिमरन को अत्यधिक प्रतिस्पर्धी एवं होनहार होने के कारण पीएचडी में प्रवेश दिया गया है। फेलोशिप के अंतर्गत प्रथम सेमेस्टर में पूर्ण छात्रवृत्ति, 9 लाख रुपये का वजीफा और स्वास्थ्य बीमा निशुल्क प्रदान किया जाएगा। दूसरे सेमेस्टर में सहायक प्रोफेसर के रूप में काम करने का भी अवसर प्राप्त होगा। इसमें उन्हें सालाना 22.55 लाख रुपये की सहायता राशि और रिसर्च व टीचिंग का अनुभव मिलेगा। छात्रा सिमरन ने इस उपलब्धि का श्रेय विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं अभिभावकों को देते हुए बताया कि उन्होंने सदैव उसे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जिसके कारण वे अपने लक्ष्य को हासिल कर सकी। इस अवसर पर अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग व बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र मोर उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 25.7.25 | 3 | 6-8 |

# हकृवि की सिमरन यूएस की आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी से करेंगी पीएचडी

■ प्रति वर्ष 23 लाख रुपये से अधिक की छात्रवृत्ति व अन्य सुविधाएं मिलेगी

हिसार। (ब्यूरो) हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की छात्रा सिमरन का अमेरिका की आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में पीएचडी की डिग्री के लिए चयन हुआ है। पाठ्यक्रम के दौरान छात्रा सिमरन को प्रति वर्ष लगभग 23 लाख रुपये से अधिक की छात्रवृत्ति, पूर्ण शिक्षण शुल्क तथा निशुल्क स्वास्थ्य बीमा की सुविधा प्रदान की जाएगी। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने छात्रा सिमरन का अमेरिका की प्रतिष्ठित आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी में चयन होने पर बधाई दी है। उन्होंने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय में अपनाए जा रहे उच्च शैक्षणिक व अनुसंधान मानकों का प्रतीक है। विश्वविद्यालय लगातार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास व अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजन में प्रयासरत है।



## दूसरे सेमेस्टर में सहायक प्रोफेसर बनेगी

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने बताया कि छात्रा सिमरन को अत्यधिक प्रतिस्पर्धी एवं होनहार होने के कारण पीएचडी में प्रवेश दिया गया है। फेलोशिप के अंतर्गत प्रथम सेमेस्टर में पूर्ण छात्रवृत्ति, 9 लाख रुपए का वजीफा और स्वास्थ्य बीमा निशुल्क प्रदान किया जाएगा। दूसरे सेमेस्टर में सहायक प्रोफेसर के रूप में काम करने का भी अवसर प्राप्त होगा। जिसमें उन्हें सालाना 22.55 लाख रुपये की सहायता राशि और रिसर्च व टीचिंग का अनुभव मिलेगा। छात्रा सिमरन ने इस उपलब्धि का श्रेय विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं अभिभावकों को देते हुए बताया कि उन्होंने सदैव उसे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जिसके कारण वे अपने लक्ष्य को हासिल कर सकी। इस अवसर पर अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग व बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र मोर उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| पंजाब केसरी | 25.7.24 | 2 | 6 |


# हकृवि की छात्रा का अमेरिका के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में पी.एच.डी. के लिए हुआ चयन



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ छात्रा सिमरन व अन्य अधिकारी।

हिसार, 24 जुलाई (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की छात्रा सिमरन का अमेरिका की आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में पी.एच.डी. की डिग्री के लिए चयन हुआ है। पाठ्यक्रम के दौरान छात्रा सिमरन को प्रति वर्ष लगभग 23 लाख रुपए से अधिक की छात्रवृत्ति, पूर्ण शिक्षण शुल्क तथा निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा की सुविधा प्रदान की जाएगी। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने छात्रा सिमरन का अमेरिका की प्रतिष्ठित आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी में चयन होने पर बधाई दी है। उन्होंने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय में अपनाए जा रहे उच्च शैक्षणिक व अनुसंधान मानकों का प्रतीक है। विश्वविद्यालय लगातार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास व अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजन में प्रयासरत है। हकृवि विश्व स्तर के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में शुमार है क्योंकि न केवल यहां के विद्यार्थी विदेशों में पढ़ाई के लिए जाते हैं बल्कि विदेशी छात्र भी यहां अध्ययन के लिए आते हैं। उन्होंने बताया कि हकृवि के विद्यार्थियों और वैज्ञानिकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नवीन तकनीकों में प्रशिक्षित करने के प्रयास में विश्व प्रसिद्ध अनेक विश्वविद्यालयों व शोध संस्थानों के साथ अनुबंध किए गए हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 25.7.25 | 3 | 3-4 |

# एचएयू की छात्रा का अमेरिका के विवि में पीएचडी के लिए हुआ चयन

## यूसिमरन को ₹23 लाख वार्षिक छात्रवृति मिलेगी



कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के साथ छात्रा सिमरन व अन्य अधिकारी

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की छात्रा सिमरन का अमेरिका की आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में पीएचडी की डिग्री के लिए चयन हुआ है।

पाठ्यक्रम के दौरान छात्रा सिमरन को प्रति वर्ष लगभग 23 लाख रुपए से अधिक की छात्रवृत्ति, पूर्ण शिक्षण शुल्क और निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा की सुविधा प्रदान की जाएगी। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने छात्रा सिमरन का अमेरिका की प्रतिष्ठित आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी में चयन होने पर बधाई दी। हकृवि विश्व स्तर के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में शुमार है क्योंकि न केवल यहां के विद्यार्थी विदेशों में पढ़ाई के लिए जाते हैं बल्कि विदेशी छात्र भी यहां अध्ययन के लिए आते हैं। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने बताया छात्रा सिमरन को अत्यधिक प्रतिस्पर्धी एवं होनहार होने के कारण पीएचडी में प्रवेश दिया गया है। फेलोशिप के अंतर्गत प्रथम सेमेस्टर में पूर्ण छात्रवृत्ति, 9 लाख रुपए का वजीफा और स्वास्थ्य बीमा निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। दूसरे सेमेस्टर में सहायक प्रोफेसर के रूप में काम करने का भी अवसर प्राप्त होगा। जिसमें उन्हें सालाना 22.55 लाख रुपए की सहायता राशि और रिसर्च व टीचिंग का अनुभव मिलेगा। अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग व बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र मोर उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 25.7.25 | 3 | 2-3 |

## एचएयू की छात्रा का अमेरिका के प्रतिष्ठित विवि में पीएचडी के लिए चयन



कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के साथ छात्रा सिमरन व अन्य अधिकारी • विज्ञप्ति

**जागरण संवाददाता • हिसार :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की छात्रा सिमरन का अमेरिका की आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी आफ साइंस एंड टेक्नोलाजी में पीएचडी डिग्री के लिए चयन हुआ है। पाठ्यक्रम के दौरान छात्रा सिमरन को प्रति वर्ष लगभग 23 लाख रुपए से अधिक की छात्रवृत्ति, पूर्ण शिक्षण शुल्क तथा निशुल्क स्वास्थ्य बीमा की सुविधा प्रदान की जाएगी।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने छात्रा सिमरन का अमेरिका की प्रतिष्ठित आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी में चयन होने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय में अपनाए जा रहे उच्च शैक्षणिक व अनुसंधान मानकों का प्रतीक है। विश्वविद्यालय लगातार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास व अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजन में प्रयासरत है। हकृवि विश्व स्तर के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में शुमार है क्योंकि न केवल यहां के विद्यार्थी विदेशों में पढ़ाई के लिए जाते हैं बल्कि विदेशी छात्र भी यहां अध्ययन के लिए आते हैं। उन्होंने बताया कि हकृवि के विद्यार्थियों और वैज्ञानिकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नवीन तकनीकों में प्रशिक्षित करने के प्रयास में विश्व प्रसिद्ध अनेक विश्वविद्यालयों व शोध संस्थानों के साथ अनुबंध किए गए हैं। दूसरे सेमेस्टर में सहायक प्रोफेसर के रूप में काम करने का अवसर होगा प्राप्त। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. एसके पाहुजा ने बताया कि छात्रा सिमरन को अत्यधिक प्रतिस्पर्धी एवं होनहार होने के कारण पीएचडी में प्रवेश दिया गया है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 25.7.25 | 4 | 7-8 |

## सिमरन का अमेरिका में पीएचडी के लिए चयन



कुलपति प्रो. बीआर कांबोज के साथ छात्रा सिमरन व अन्य अधिकारी। स्रोत : संस्थान


**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की छात्रा सिमरन का अमेरिका की आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में पीएचडी की डिग्री के लिए चयन हुआ है। पाठ्यक्रम के दौरान छात्रा सिमरन को प्रति वर्ष 23 लाख रुपये से अधिक की छात्रवृत्ति और निशुल्क स्वास्थ्य बीमा की सुविधा प्रदान की जाएगी। कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने छात्रा सिमरन का अमेरिका की प्रतिष्ठित आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी में चयन होने पर बधाई दी है। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने बताया कि छात्रा सिमरन को फेलोशिप के अंतर्गत प्रथम सेमेस्टर में पूर्ण छात्रवृत्ति, 9 लाख रुपये का वजीफा मिलेगा। दूसरे सेमेस्टर में सहायक प्रोफेसर के रूप में काम करने का भी अवसर प्राप्त होगा। उन्हें सालाना 22.55 लाख रुपये की सहायता राशि और रिसर्च व टीचिंग का अनुभव मिलेगा। इस अवसर पर अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग व बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र मोर उपस्थित रहे। संवाद

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 25.7.25 | 6 | 6-8 |

# एचएयू की छात्रा का अमरीका के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में पीएचडी के लिए हुआ चयन

हिसार, 24 जुलाई (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की छात्रा सिमरन का अमेरिका की आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में पीएचडी की डिग्री के लिए चयन हुआ है। पाठ्यक्रम के दौरान छात्रा सिमरन को प्रति वर्ष लगभग 23 लाख रुपए से अधिक की छात्रवृत्ति, पूर्ण शिक्षण शुल्क तथा निशुल्क स्वास्थ्य बीमा की सुविधा प्रदान की जाएगी। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने छात्रा सिमरन का अमेरिका की प्रतिष्ठित आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी में चयन होने पर बधाई दी है। उन्होंने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय में अपनाए जा रहे उच्च शैक्षणिक व अनुसंधान मानकों का प्रतीक है। विश्वविद्यालय लगातार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास व अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजन में प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि हकुवि के विद्यार्थियों और वैज्ञानिकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नवीन तकनीकों में प्रशिक्षित करने के प्रयास में विश्व प्रसिद्ध अनेक विश्वविद्यालयों व शोध संस्थानों के साथ अनुबंध किए गए हैं।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज के साथ छात्रा सिमरन व अन्य अधिकारी।

## प्रथम सेमेस्टर में पूर्ण छात्रवृत्ति व स्वास्थ्य बीमा का मिलेगा लाभ

दूसरे सेमेस्टर में सहायक प्रोफेसर के रूप में काम करने का अवसर होगा प्राप्त। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने बताया कि छात्रा सिमरन को अत्यधिक प्रतिस्पर्धी एवं होनहार होने के कारण पीएचडी में प्रवेश दिया गया है। फेलोशिप के अंतर्गत प्रथम सेमेस्टर में पूर्ण छात्रवृत्ति, 9 लाख रुपए का वजीफा और स्वास्थ्य बीमा निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। दूसरे सेमेस्टर में सहायक प्रोफेसर के रूप में काम करने का भी अवसर प्राप्त होगा। जिसमें उन्हें सालाना 22.55 लाख रुपए की सहायता राशि और रिसर्च व टीचिंग का अनुभव मिलेगा। छात्रा सिमरन ने इस उपलब्धि का श्रेय विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं अभिभावकों को देते हुए बताया कि उन्होंने सदैव उसे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| सिटी पल्स न्यूज | 24.7.2025 | -- | -- |

# एचएयू की छात्रा का अमेरिका में पीएचडी के लिए हुआ चयन



**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की छात्रा सिमरन का अमेरिका की आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में पीएचडी की डिग्री के लिए चयन हुआ है। पाठ्यक्रम के दौरान छात्रा सिमरन को प्रति वर्ष लगभग 23 लाख रुपए से अधिक की छात्रवृत्ति, पूर्ण शिक्षण शुल्क तथा निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा की सुविधा प्रदान की जाएगी। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने छात्रा सिमरन का अमेरिका की प्रतिष्ठित आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी में चयन होने पर बधाई दी है।

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने बताया कि छात्रा सिमरन को अत्यधिक प्रतिस्पर्धी एवं होनहार होने के कारण पीएचडी में प्रवेश दिया गया है। फेलोशिप के अंतर्गत प्रथम सेमेस्टर में पूर्ण छात्रवृत्ति, 9 लाख रुपए का वजीफा और स्वास्थ्य बीमा निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। दूसरे सेमेस्टर में सहायक प्रोफेसर के रूप में काम करने का भी अवसर प्राप्त होगा। जिसमें उन्हें सालाना 22.55 लाख रुपए की सहायता राशि और रिसर्च व टीचिंग का अनुभव मिलेगा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| जगमार्ग न्यूज | 24.7.2025 | -- | -- |

# एचएयू की छात्रा का अमेरिका के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में पीएचडी के लिए हुआ चयन

हिसार, 24 जुलाई (महेंद्र गोयल) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की छात्रा सिमरन का अमेरिका की आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में पीएचडी की डिग्री के लिए चयन हुआ है। पाठ्यक्रम के दौरान छात्रा सिमरन को प्रति वर्ष लगभग 23 लाख रुपए से अधिक की छात्रवृत्ति, पूर्ण शिक्षण शुल्क तथा नि:शुल्क स्वास्थ्य बीमा की सुविधा प्रदान की जाएगी। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने छात्रा सिमरन का अमेरिका की प्रतिष्ठित आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी में चयन होने पर बधाई दी है। उन्होंने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय में अपनाए जा रहे उच्च शैक्षणिक व अनुसंधान मानकों का प्रतीक है। विश्वविद्यालय लगातार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास व अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर में प्रयासरत है।



हकृवि विश्व स्तर के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में शुमार है क्योंकि न केवल यहां के विद्यार्थी विदेशों में पढ़ाई के लिए जाते हैं बल्कि विदेशी छात्र भी यहां अध्ययन के लिए आते हैं। उन्होंने बताया कि हकृवि के विद्यार्थियों और वैज्ञानिकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नवीन तकनीकों में प्रशिक्षित करने के प्रयास में विश्व प्रसिद्ध अनेक विश्वविद्यालयों व शोध संस्थानों के साथ अनुबंध किए गए हैं। दूसरे सेमेस्टर में सहायक प्रोफेसर के रूप में काम करने का अवसर होगा प्राप्त। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने बताया कि छात्रा सिमरन को अत्यधिक प्रतिस्पर्धी एवं होनहार होने के कारण पीएचडी में प्रवेश दिया गया है। फेलोशिप के अंतर्गत प्रथम सेमेस्टर में पूर्ण छात्रवृत्ति, 9 लाख रुपए का वजीफा और स्वास्थ्य बीमा नि:शुल्क प्रदान किया जाएगा। दूसरे सेमेस्टर में सहायक प्रोफेसर के रूप में काम करने का भी अवसर प्राप्त होगा। जिसमें उन्हें सालाना 22.55 लाख रुपए की सहायता राशि और रिसर्च व टीचिंग का अनुभव मिलेगा। छात्रा सिमरन ने इस उपलब्धि का श्रेय विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं अभिभावकों को देते हुए बताया कि उन्होंने सदैव उसे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जिसके कारण वे अपने लक्ष्य को हासिल कर सकीं। इस अवसर पर अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग व बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र मोर उपस्थित रहे।